एम.एच.डी.-6

05373

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.एच.डी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2012

एम.एच.डी.-6 : हिन्दी भाषा एवं साहित्य का इतिहास

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं। सभी प्रश्नों के **अंक समान** हैं।*

1. आदिकाल की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताइए कि उसका साहित्य पर क्या और कैसा प्रभाव पड़ा ? **20**

अथवा

सिद्ध:नाथ और जैन साहित्य की प्रमुख विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

2. निर्गुण ज्ञान मार्गी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। **20**

अथवा

भक्ति आंदोलन के अखिल भारतीय स्वरूप का परिचय दीजिए।

3. ''कृष्णभक्ति काव्य में वात्सल्य और शृंगार के साथ-साथ सामंतवाद का विरोध और लोक छबि तथा लोक रंजन भी मौजूद है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए। **20**

अथवा

रीतिकाव्य की तीन धाराओं का परिचय दीजिए।

4\. नव जागरण और आधुनिक बोध से आप क्या समझते हैं? भारतेन्दु युगीन साहित्य में उसकी अभिव्यक्ति किस रूप में हुई है? 20

अथवा

छायावादी काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

5\. उत्तर छायावाद की प्रमुख धाराओं का उल्लेख करते हुए उनकी विशेषताएँ बताइए। 20

अथवा

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

6\. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिए : 10x2=20

(क) हिंदी कहानी

(ख) प्रेमचंद युगीन हिंदी उपन्यास

(ग) आर्य भाषा परिवार

(घ) प्रयोजनमूलक हिंदी